इतनी किरपा मैया जी बनाए रखना

इतनी किरपा मैया जी बनाए रखना,
मरते दम तक सेवा में लगाए रखना......

मैं तेरा तू मेरी दाती मैं राजी तू राजी,
तेरे नाम पे लिख दी मैंने इस जीवन की बाजी,
पर लाज तुम्हारे हाथ है बचाए रखना,
मरते दम तक सेवा में लगाए रखना...

हाथ जोड़ मैं करूँ प्रार्थना भूल कहीं ना जाना,
तेरे घर पे बना रहे मेरा आना जाना,
दिन पे दिन ये सिलसिला बढ़ाये रखना,
मरते दम तक सेवा में लगाए रखना....

तेरे भक्तों में मन लगता और कहीं ना लागे,
फीका फीका ये जग सारा भजन भाव के आगे,
भक्तों की इस भूख को जगाये रखना,
मरते दम तक सेवा में लगाए रखना....

इतनी किरपा मैयाजी बनाए रखना,
मरते दम तक सेवा में लगाए रखना...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28914/title/itni-kirpa-mayia-ji-banaye-rakhna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |